मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 24 मई 2017

**जेएमआई की तुर्की भाषा एवं साहित्य प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला दिल्ली पुलिस को सौंपा गया, परीक्षा की नयी तारीख तय**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रशासन ने बी ए आनर्स :तुर्की भाषा एवं साहित्यः की प्रवेश परीक्षा 2017 का पर्चा लीक होने के मामले को दिल्ली पुलिस साइबर क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है।

दिल्ली पुलिस मामले की जांच करेगी और पर्चा लीक करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह प्रवेश परीक्षा 9 मई 2017 को हुई थी।

जेएमआई ने बी ए आनर्स :तुर्की भाषा एवं साहित्यः की प्रवेश परीक्षा को दोबारा करने का निर्णय किया है। अब यह परीक्षा 2 जुलाई 2017 को सुबह 9 बजे से 10:45 तक होगी।

इसके लिए एडमिट कार्ड जल्द ही जारी किए जाएंगे।

साईमा सईद

डेप्यूटी मीडिया कोऑर्डनैटर

font: Kruti Dev 010